Class - **4**th Subject- Hindi Topic – **निबंध लेखन**

Do and learn

दीपावली



भारत में अनेक त्योहार मनाए जाते हैं। इनमें से एक दीपावली का त्योहार भी है। दीपावली हिंदुओं का सबसे बड़ा त्योहार है। दीपावली को 'रोशनी का त्योहार' भी कहा जाता है। यह अक्तूबर-नवंबर के महीने में आता है।

दीपावली का अर्थ है- 'दीपों की अवली या पंक्ति'। दीपावली के दिन चारों ओर दीपों का प्रकाश दिखाई देता है। इस दिन भगवान श्री राम चौदह वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या लौटे थे। उनके आने की खुशी में अयोध्यावासियों ने दीये जलाकर खुशियाँ मनाई थीं।

दीपावली के कुछ दिन पहले से ही लोग अपने घरों और दुकानों की सफ़ाई करने लगते हैं। दीपावली के दिन बाज़ार दुलहन की तरह सजा होता है। लोग रात में गणेश-लक्ष्मी की पूजा करते हैं, दीपक जलाकर घरों को सजाते हैं तथा अपने सगे-संबंधियों में मिठाई व उपहार बाँटते हैं।